<u>राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर</u>

<u>एकलपीठ सिविल रिट याचिका संख्या–23941/2018</u>
<u>एकलपीठ सिविल रिट याचिका संख्या–23885/2018</u>

आदेश दिनांकः– **17.10.2022**

<u>माननीय न्यायाधिपति श्री प्रकाश गुप्ता</u>

उपस्थितः–

अधिवक्ता वास्ते याची :– श्री एम.एम.रंजन, वरिष्ठ अधिवक्ता मय श्री अमन पारीक, अधिवक्ता

अधिवक्ता वास्ते अयाची :– श्री कपिल गुप्ता

कार्यालय रिपोर्ट के अनुसार श्री राजवीर सिंह चौधरी, भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन सचिव राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर को प्रार्थना पत्र संख्या–1888 के जारी किए गए नोटिस बाद तामील प्राप्त हुए हैं परन्तु वे आज न्यायालय में उपस्थित नहीं हैं ।

श्री राजवीर सिंह चौधरी, भू–प्रबन्ध अधिकारी एवं पदेन सचिव राजस्व अपील प्राधिकारी सीकर को प्रार्थना पत्र संख्या–1888 के नये सिरे से नोटिस दिनांक 16.11.2022 की वापसी के लिए जारी किए जावें ।

योग्य अधिवक्ता याची इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही एक सप्ताह में करें।

योग्य अधिवक्ता अयाची ने जाहिर किया कि अयाची संख्या–1 श्रवण का देहान्त हो चुका है।

योग्य अधिवक्ता याची मृतक अयाची संख्या–1 श्रवण के विधिक प्रतिनिधिगण के संबंध में आवश्यक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने हेतु समय चाहते हैं।

पत्रावली दिनांक 16.11.2022 को न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध की जावे।

(न्या0 प्रकाश गुप्ता)

ऋषिकेश सोनी/48 व 49